**प्रेस नोट संख्या- 18**
**दिनांक 11.08.2025**
**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**
**थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, मारपीट में प्रयुक्त 01 अदद बाका बरामद।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 11.08.2025 को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 238/25 धारा 109, 352 बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अलाउद्दीन पुत्र स्व0 मो0 शफीक उर्फ बबऊ निवासी ग्राम पूरे निहालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। घटना स्थल के निरीक्षण व साक्ष्य संकलन के दौरान घटनास्थल से मारपीट में प्रयुक्त 01 अदद बांका बरामद किया गया। थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अलाउद्दीन ने बताया कि दिनांक 10.08.2025 को उसके गांव के ही निवासी मो0 शफीक के दामाद राजू से उसका झगड़ा हो गया था। इसी बात को लेकर शाम को जहीर पुत्र जान मोहम्मद से भी उसकी कहासुनी होने लगी थी तभी उसने बाका से जहीर पर वार करके मौके से भाग गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

- अलाउद्दीन पुत्र स्व0 मो0 शफीक उर्फ बबऊ निवासी ग्राम पूरे निहालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 238/25 धारा 109, 352 बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. श्री राघवेन्द्र प्रताप यादव प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 शेखनईम थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
3. का0 नीरज कुमार थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।